# ISWK SHARING KNOWLEDGE

## Class VIII

## Subject- Hindi Second Language



Topic-

**लाख की चूड़ियाँ प्रश्नोत्तर**
**व्याकरण-- उपसर्ग, विलोम**

By- Ramkewal Yadav

©ISWK

# Prefixes उपसर्ग

संस्कृत एवं संस्कृत से उत्पन्न भाषाओँ में उस शब्दांश या अव्यय को उपसर्ग कहते हैं , ‘जो किसी शब्द के आरंभ में जुड़कर उसके अर्थ में (मूल शब्द के अर्थ में) विशेषता ला दे या उसका अर्थ ही बदल दे’। शब्दांश होने के कारण स्वतंत्र रूप से उपसर्गों का कोई महत्व नहीं माना जाता है। उपसर्ग शब्द के पहले आते हैं।
यह दो शब्दों (उप+सर्ग) के योग से बनता है। 'उप' का अर्थ 'समीप', 'निकट' या 'पास में' है। 'सर्ग' का अर्थ है सृष्टि करना अर्थात निर्माण करना।

उदाहरण :- 'हार' एक शब्द है जिसका अर्थ होता है 'पराजय'। लेकिन इसके आगे ‘आ’ उपसर्ग लगने से नया शब्द बनेगा जैसे 'आहार' जिसका मतलब होता है 'भोजन'। और यदि इसी 'हार' के पहले 'प्र' उपसर्ग लगा दिया जाए, तो एक नया शब्द 'प्रहार' बन जाता है, जिसका नया अर्थ हुआ 'मारना'।

**उपसर्गों की क्या विशेषताएँ हैं इसके बारे में जानेंगे -**
**उपसर्ग की तीन विशेषताएँ कही जाती हैं -**

(1) शब्द के अर्थ में नई विशेषता लाना।

जैसे- प्र + बल= प्रबल

अनु + शासन= अनुशासन

(2) शब्द के अर्थ को उलट देना।

जैसे- अ + सत्य= असत्य

अप + यश= अपयश

(3) शब्द के अर्थ में, कोई खास परिवर्तन न करके मूलार्थ के इर्द-गिर्द अर्थ प्रदान करना।

जैसे- परि + भ्रमण= परिभ्रमण

# निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए

| क्रमांक | उपसर्ग | उपसर्ग से बने शब्द |
|---|---|---|
| 1 | अप | अपमान, अपशब्द |
| 2 | अव | अवकाश, अवगुण |
| 3 | दुर् | दुर्जन, दुर्घटना |
| 4 | परा | पराधीन, पराक्रम |
| 5 | अन | अनमोल, अनकही |
| 6 | चौ | चौमासा,चौराहा |
| 7 | बद | बदनाम, बदसूरत |
| 8 | हम | हमशक्ल, हमजोली |
| 9 | कु | कुविचार, कुमार्ग |
| 10 | प्र | प्रबल, प्रहार |

# विलोम शब्द

| क्रमांक | शब्द | विलोम |
|---|---|---|
| 1 | आगमन | प्रस्थान |
| 2 | आस्था | अनास्था |
| 3 | आदि | अंत |
| 4 | कंजूस | दानी |
| 5 | उदार | अनुदार |
| 6 | निंदा | प्रशंसा |
| 7 | निरक्षर | साक्षर |
| 8 | कोमल | कठोर |
| 9 | चेतन | जड़ |
| 10 | गुण | अवगुण |

## Question Answers – प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1- बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था?

उत्तर - लेखक के मामा के गाँव में लाख की चूड़ियाँ बनाने वाला कारीगर बदलू रहा करता था। वह लाख की बहुत सुन्दर चूड़ियाँ बनाता था। परन्तु लेखक के लिए वह लाख की रंग बिरंगी सुन्दर गोलियाँ बनाकर दिया करता। जिसके कारण लेखक सदैव बदलू के पास जाता और यही कारण है कि लेखक को उसके मामा का गाँव अच्छा लगता था।

बदलू को समस्त बच्चे ही बदलू काका कहकर बुलाया करते थे । इसलिए लेखक ने भी उनको काका कहना ही उचित समझा।

प्रश्न -2 वस्तु-विनिमय क्या है? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है?

उत्तर - वस्तु विनिमय से तात्पर्य लेन-देन के लिए रूपए-पैसों के स्थान पर एक वस्तु का दूसरी वस्तु से क्रय-विक्रय करना है। जिस तरह से बदलू लाख की चूड़ियों के स्थान पर अनाज व कपड़े लिया करता था। वस्तु विनिमय की पद्धति गाँवों में प्रचलित है। यहाँ लोग अन्न के बदले अन्य किसी भी (खाने पीने व कपड़े) वस्तु से आदान-प्रदान कर लेते हैं। इस समय इस पद्धति का स्थान रूपए-पैसों ने ले लिया है।

प्रश्न-3 मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं।'- इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है?

उत्तर-लेखक ने उन कारीगरों की तरफ़ संकेत किया है जो हाथ से बनी वस्तुओं से अपना जीवनयापन करते हैं। आज के मशीनी युग ने उन कारीगरों के हाथ काटकर मानों उनकी रोटी ही छीन ली है। उन कारीगरों का रोजगार इन पैतृक काम धन्धों से ही चलता था। उसके अलावा उन्होंने कभी कुछ नहीं सीखा था। वे पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी इस कला को बढ़ाते चले आ रहे हैं और साथ में रोज़ी रोटी भी चला रहें हैं। परन्तु मशीनी युग ने जहाँ उनकी रोज़ी रोटी पर वार किया है, वही दूसरी ओर इन बेशकीमती कलाओं का अंत भी किया है। यही वह व्यथा है जो लेखक व्यक्त करना चाहता है। ऐसे कारीगर कला होने पर भी बेकार हो गए और उनकी रोज़ी रोटी भी खत्म हो गई।

प्र॰4 बदलू के मन में ऐसी कौन-सी व्यथा थी जो लेखक से छिपी न रह सकी।

उत्तर –मशीनीकरण के आने तथा काँच की चूड़ियों के प्रचलन एवं गाँव में औरतों के काँच की चूड़ियों के पहनने के कारण बदलू का व्यवसाय बिल्कुल बंद हो गया था। उसकी आर्थिक स्थिति भी ख़राब हो गई थी। अपना पैतृक काम खो देने की व्यथा लेखक से छिपी न रह सकी।

प्र॰5 मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?
उत्तर – मशीनी युग के कारण बदलू का सुखी जीवन दुख में बदल गया था। गाँव की सारी औरतें काँच की चूड़ियाँ पहनने लगी थी। बदलू की कला को अब कोई नहीं पूछता था। उसकी चूड़ियों की माँग अब नहीं रही थी। इसी कारण शादी-ब्याह से मिलने वाला अनाज, कपड़े तथा अन्य उपहार उसे नहीं मिलते थे। उसकी आर्थिक हालत बिगड़ गई जिससे उसके स्वास्थ पर भी बुरा असर पड़ा था।

प्रश्न 6 बदलू की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन करो?
उत्तर- बदलू स्वभाव से बहुत ही सीधा साधा व्यक्ति था। वह कभी किसी से लड़ाई-झगड़ा नहीं करता था। वह लेखक से खूब स्नेह करता था। वह चूड़ियों को वस्तु विनिमय के तरीके से बेचता था। कभी-कभी शादी विवाह के अवसर पर वह जिद्द पकड़ लेता था। उसे संसार में यदि किसी बात से चिढ़ थी तो वह काँच की चूड़ियों से। बदलू बहुत ही मेहनती और स्वाभिमानी था।बदलू का व्यक्तित्व सुदृढ़ तथा कभी हार न मानने वाला था।

अति लघु प्रश्न

प्रश्न 1 - बदलू कौन सा कार्य करता था?

उत्तर- बदलू लाख की चूड़ियाँ बनाने का कार्य करता था।

प्रश्न 2 बदलू और लेखक एक दूसरे को क्या कहकर संबोधित करते थे?

उत्तर- बदलू लेखक को 'लला' और लेखक उसे 'काका' कहकर संबोधित करते थे ।

प्रश्न-3 बदलू को किस बात से चिढ़ थी ?

उत्तर- बदलू को काँच की चूड़ियों से चिढ़ थी।

प्रश्न-4 विवाह के अवसर पर किस का मूल्य बढ़ जाता था?

उत्तर- विवाह के अवसर पर लाख की चूड़ियों का मूल्य बढ़ जाता था।

प्रश्न-5 बदलू ने किस के विवाह का आखिरी जोड़ा बनाया?

उत्तर- बदलू ने जमींदार की बेटी के विवाह का आखिरी जोड़ा बनाया था।

प्रश्न -6 बदलू की बेटी का क्या नाम था?

उत्तर- बदलू की बेटी का नाम 'रज्जो' था।



धन्यवाद ...

घर में रहें,सुरक्षित रहें और स्वस्थ रहें ...